प्रेस नोट ***30/10/2024***

1. **तमन्चा व कारतूस के साथ 02 शातिर गिरफ्तार–**

आज दिनांक 30.10.2024 को थाना मुहम्मदाबाद पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर नगरहा भातकोल के पास से अभियुक्तगण रामप्रवेश पुत्र अशोक, सत्येन्द्र पुत्र फुलचन्द निवासीगण हरनासाथ थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ के कब्जे से 01-01 अदद नाजायज तमन्चा व 01-01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 371/24 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

2. **01 एक शातिर गिरफ्तार कब्जे से अवैध पटाखा बरामद–**

आज दिनांक 30.10.2024 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर सिंधी कॉलोनी के पास से अभियुक्त सुनील कुमार पुत्र चन्दुमल्ल निवासी सिंधी कॉलोनी थाना कोतवाली नगर जनपद मऊ के कब्जे से 29 बोरी व 22 गत्ते विभिन्न प्रकार के अवैध पटाखे बरामद कर गिरफ्तार किया गया। उक्त के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 361/24 धारा 5/9बी विस्फोटक अधिनियम व 288 बीएनएस का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

3. **चोरी की 6920 रुपये व वायर, प्लग, तथा प्लास्टिक के अन्य इलेक्ट्रानिक्स पार्ट के साथ एक शातिर चोर गिरफ्तार–**

पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में अपराध/अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 30.10.2024 को कोपागंज पुलिस द्वारा 09/10.10.2024 को शराब की दुकान से चोरी करने वाला एक शातिर चोर को जरिये मुखबिर की सूचना पर काछीकला अण्डर पास के पास से मु0अ0सं0 274/24 धारा 305,331(4),324(4),317(2),317(4),238 बीएनएस से संबंधित अभियुक्त नितेश पुत्र पिण्टुराम निवासी खुरहट थाना रानीपुर जनपद मऊ के कब्जे से चोरी की 6920 रुपये व प्लास्टिक के वायर, प्लक, तथा प्लास्टिक के अन्य इलेक्ट्रानिक्स पार्टस बरामद किया गया। उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त–

1. नितेश पुत्र पिण्टुराम निवासी खुरहट थाना रानीपुर जनपद मऊ।

बरामदगी–

1. चोरी की 6920 रुपये।
2. चोरी के प्लास्टिक के वायर, प्लक, तथा प्लास्टिक के अन्य इलेक्ट्रानिक्स पार्टस।
3.

4. **जुआ खेलते 07 जुआरी गिरफ्तार कब्जे से संबंधित फंड के 1730 रुपये व 52 ताश के पत्ते तथा 4500 रुपये बरामद–**

आज दिनांक 30.10.2024 को थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर भूपेन्द्र सिंह के ट्यूबेल के पास से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे 07 अभियुक्त कन्हैया कुमार पुत्र राजबली निवासी कुर्थीजाफरपुर, हरिकेश मद्धेशिया पुत्र लाली मद्धेशिया निवासी नयापुरा कुर्थीजाफरपुर, उमेश पुत्र स्व0 विक्रम निवासी बसारतपुर, अरविन्द कुमार पुत्र पंचुराम निवासी बसारतपुर, मल्लू पुत्र स्व0 हेमराज निवासी सरवां, अनिल कुमार पुत्र चन्द्रबलि राम निवासी कुर्थीजाफरपुर, सत्येन्द्र कुमार पुत्र प्रमोद प्रसाद निवासी कुर्थीजाफरपुर थाना कोपागंज जनपद मऊ के कब्जे से संबंधित फंड के 1730 रुपये व 52 ताश के पत्ते तथा 4500 रुपये बरामद कर गिरफ्तार किया गया । इस संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 293/24 धारा 13 जुआ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया ।